तापमान
अधिकतम 25 डिग्री
न्यूनतम 13 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, शुक्रवार 26 जनवरी 2024



11 सिवनीकला में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकली शोभायात्रा





12 अंचल में मना अन्नदान का महापर्व छेरछेरा






## खबर संक्षेप

### कांग्रेस भवन में जिला अध्यक्ष करेंगे ध्वजारोहण



**धमतरी।** इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा राजीव भवन में मनाया जाएगा। जिलाध्यक्ष शरद लोहाना 8:30 बजे ध्वजारोहण करेंगे। ध्वजारोहण के उपरांत छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज के संदेश का वाचन किया जाएगा।

### करगा में मड़ई 30 को

**जीजामगांव।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम करगा में 30 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए झन भुलो मां बाप ला नाचा पार्टी मोखा पचपेड़ी की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी हेमन्त साहू एवं दिनेश साहू ने दी है।

### 10 हजार से अधिक मासिक वेतन पाने वाले होंगे अपात्र

# पीएम आवास की मारामारी, पात्र-अपात्र पर रार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिले में प्रधानमंत्री आवास के लिए अफरा-तफरी मची हुई है। बस, ट्रेक्टर आदि वाहनों से दूर-दूराज गांव के लोग आवास मांगने के लिए कलेक्टोरेट पहुंच रहे हैं। लोगों की शिकायत है कि पात्र होने के बाद भी उन्हें अपात्र की सूची में डाल दिया गया है। इधर पीएम आवास के लिए शासन का क्राइटेरिया सामने आया है जिसमें 10 हजार से अधिक वेतन वाले व्यक्ति इस योजना से वंचित होंगे।

ग्राम बेलरदोना जनपद पंचायत मगरलोड से बस किराया कर कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने ज्ञापन में कहा है कि आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची में उनका नाम नहीं है। वे सभी आवास योजना में पात्रता रखते हैं लेकिन पंचायत में अधिकतर लोगों का लैंडलाइन फोन होने का कारण बताकर उसे अपात्र कर दिया गया है। जबकि किसी भी ग्रामीण के पास लैंडलाइन फोन नहीं है। सियाराम, हीरा सिंह, भुवनलाल, सरिता, गंगाबाई, कुलवंतीन सहित 45 लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर आवास की मांग की है। ग्राम बाजारकुर्रीडीह तहसील कुकरेल से बड़ी संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि वे सभी गरीब परिवार से हैं। वह स्वयं के खर्च से घर बनाने में असमर्थ हैं। उनका नाम सन 2017-18 के सर्वे में पात्र सूची में नाम था। 2024 के सर्वे में उनका नाम पात्रता सूची में नहीं है जिससे वे आवास योजना से वंचित हो गए हैं। बड़ी संख्या में पहुंची महिलाओं ने आवास योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

### घर में बाइक, फ्रिज तो नहीं मिलेगा आवास

प्रधानमंत्री आवास योजना सन 2016-17 से शुरू हुई है। अब तक जिले में 37377 परिवार इस योजना से लाभान्वित हो चुके हैं। 3011 आवास निर्माणाधीन है। 2023 तक 40388 आवास का लक्ष्य मिला है। ग्रामीणों की अक्सर शिकायत रहती है कि सरपंच, पंचों द्वारा बिना पड़ताल के आवास का प्रस्ताव शासन को भेजा जाता है जिससे जरूरतमंदों को आवास नहीं मिल पाता। जिला पंचायत कार्यालय से जारी पीएम आवास नियमावली के तहत पक्के मकान में रहने वालों को आवास योजना का लाभ नहीं मिलेगा। दो से अधिक कमरा वाले परिवार पात्र नहीं है। घर में तीनपहिया, चार पहिया, कृषि उपकरण न हो। 50000 से अधिक किसान क्रेडिट कार्ड वाले परिवार अपात्र होंगे। वह परिवार जिनका कोई सदस्य 10000 से अधिक मासिक वेतन पाता हो, आयकर के दायरे में आने वाले परिवार, जिनके घर में रेफ्रिजरेटर, लैंडलाइन फोन, ढाई एकड़ से अधिक सिंचित कृषि भूमि है, ये सभी आवास योजना के अपात्र होंगे। पीएम आवास के लिए पात्रता रखने वालों में बेसहारा, भीख मांगकर जीवनयापन करने वाले, हाथ से मैला ढोने वाला, आदिम जनजाति समूह सहित वैधानिक रूप से मुक्त कराए गए बंधवा मजदूर पीएम आवास के पात्र होंगे।

# रिश्वत मांगने वाले एसआई के खिलाफ हुई शिकायत



■ मैनपुर की महिला सरपंच ने पुलिस अधीक्षक से की कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

बोराई थाना के सब इंस्पेक्टर द्वारा सरपंच को धमकाने तथा मामला रफा-दफा करने के लिए उससे 80000 रूपए की रिश्वत मांगने का मामला सामने आया है। पीड़ित सरपंच ने ग्रामवासियों के साथ एसपी कार्यालय पहुंचकर एसआई के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

ग्राम मैनपुर थाना बोराई की सरपंच भुनेश्वरी नेताम पति सुरेंद्र नेताम ने गुरुवार को एसपी से लिखित शिकायत में कहा है कि 23 जनवरी 2024 को बोराई थाना के एसआई ने उसे थाना बुलाया और कहा कि तुम्हारे खिलाफ घासीदास गहने ने जातिसूचक गाली-गलौज करने की शिकायत की है। एसआई ने इस मामले को रफा-दफा करने के लिए 80,000 रूपए की मांग की है। पैसे नहीं देने पर महिला आयोग में रिपोर्ट करने की धमकी देकर मुख्यमंत्री से शिकायत करने की बात कही। सरपंच ने कहा कि घासीदास के साथ उनका किसी प्रकार का कोई विवाद नहीं है। एसआई द्वारा बार-बार थाना बुलाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है जिससे वह मानसिक रूप से काफी परेशान हैं। सरपंच ने एसआई के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करते हुए उनके स्थानांतरण की मांग की है।

# बोलेरो से गांजे की तस्करी करते तीन गिरफ्तार

■ उड़ीसा से एमपी हो रही थी सप्लाई, बोराई पुलिस ने चेकिंग के दौरान की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



चेकपोस्ट में चेकिंग के दौरान बोराई पुलिस ने उड़ीसा की ओर से आ रही सफेद कलर के बोलेरो वाहन से 16 किलो अवैध गांजा बरामद कर तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस के अनुसार वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में बोराई थाना प्रभारी प्रमोद अमलतास के नेतृत्व में बोराई पुलिस चेकपोस्ट नाका पर वाहनों की सघन चेकिंग में जुटी थी। इसी दौरान उड़ीसा की तरफ से एक सफेद रंग का बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी 18 बीबी 1981 बोराई नाका की तरफ आते हुई दिखा। पुलिस ने संदेह के आधार पर उक्त वाहन को रोककर चेकिंग शुरू कर दी। इस दौरान वाहन के भीतर से एक काले रंग का बैग मिला। तलाशी लेने पर बैग के भीतर 14 किलो 20 ग्राम मादक पदार्थ अवैध गांजा बरामद किया गया जिसकी कीमत 2 लाख 84 हजार रूपये है। बोलेरो में सवार तीन संदेहियों से उनका नाम-पता की जानकारी ली गई। पूछताछ में संदेहियों ने अपना नाम नागेन्द्र सिंह पिता पुरूषोत्तम उम्र 35 वर्ष निवासी बुढ़हार जिला शहडोल, दीपचंद कर्मकार पिता भागादयाल उम्र 34 वर्ष निवासी करूआताल जिला शहडोल व विजय कुमार मिश्रा पिता रामचरण उम्र 28 वर्ष ग्राम परसिया जिला सतना तीनों मध्यप्रदेश बताया। पुलिस ने 2.84 लाख का अवैध गांजा व तस्करी में उपयोग किए जा रहे 5 लाख के बोलेरो वाहन समेत कुल 7 लाख 84 हजार जब्त किया है। तीनों आरोपी नागेन्द्र सिंह, दीपचंद कर्मकार व विजय मिश्रा को एनडीपीएस के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेज दिया है।

इस कार्रवाई में बोराई थाना प्रभारी प्रमोद अमलतास, एएसआई देवराम सिन्हा, आरक्षक युवराज साहू, प्रदीप देव, प्रमोद गहाड़े, जितेन्द्र सोरी व कुबेर सिंह जुर्री की सराहनीय भूमिका रही है।

# मुख्य समारोह में कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर करेंगे ध्वजारोहण

**धमतरी।** जिले में गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह 26 जनवरी को स्थानीय डॉ. शोभाराम देवांगन शासकीय उच्चतर माध्यमिक स्कूल के एकलव्य खेल मैदान में आयोजित किया जाएगा। कुरूद विधायक अजय चन्द्राकर द्वारा



समारोह स्थल में बतौर मुख्य अतिथि सुबह नौ बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। सुबह 9.02 बजे राष्ट्रगान होगा। इसके बाद 9.05 बजे राज्यगीत, 9.10 बजे परेड का निरीक्षण और 9.20 बजे मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया जाएगा। सुबह 9.35 बजे हर्ष फायर, 9.40 बजे गुब्बारा उड़ान, 9.45 बजे मार्चमास्ट, 9.50 बजे परेड एवं प्लाटून कमांडर से परिचय, स्वतंत्रता संग्राम सोनानी, परिजनों से भेंट एवं शहीद परिवारों को शॉल और श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा। सुबह 10 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम, 10.40 बजे विभिन्न विभागों की झांकी और 11.25 बजे विभिन्न विभागों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों का सम्मान, प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार वितरण होगा।


## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969






तिरंगा लहरायेंगें, भक्ति गीत गुनगुनायेंगे
वादा करो इस देश को
दुनिया का सबसे प्यारा देश बनायेंगें
गणतंत्र दिवस 26 JANUARY
की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती शारदा लोकनाथ साहू
अध्यक्ष जनपद पंचायत कुरूद
जानसिंह यादव
उपाध्यक्ष ज.पं. कुरूद
सर्वश्री सभापतिगण
श्रीमती परमेश्वरी साहू
रविन्द्र कुमार साहू
धरमपाल साहू
श्रीमती धनेश्वरी साहू
श्रीमती कांति साहू
श्रीमती चंद्रकला कोसले
सर्वश्री सदस्यगण
श्रीमती पदमा साहू
श्रीमती हंसकुमारी सिन्हा
पुरूषोतम सिन्हा
डुमेन्द गजेन्द
संतोष कुमार साहू
गजेन्द साहू
धानूराम साहू
श्रीमती गीता ध्रुव
श्रीमती तामेश्वरी साहू
श्रीमती धनेश्वरी यादव
श्रीमती धरमीन साहू
लोकेश साहू
श्रीमती देवकुमारी साहू
पुरूषोतम साहू
सुनील गायकवाड़
दुलेश्वर ध्रुव
टिकेश्वरी मारकंडे
विनीत - जनपद पंचायत परिवार कुरूद, जि. धमतरी (छ.ग.)


सारे जहाँ से अच्छा, हिंदोस्ता हमारा
गणतंत्र दिवस
की आप सभी नगरवासी, क्षेत्रवासी एवं जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
वन्देमातरम..
ज्योति चन्द्राकर
भाजपा जिला उपाध्यक्ष धमतरी (छ.ग.)
एवं पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत कुरूद
भानु चन्द्राकर
प्रदेश सहसंयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ छ.ग.
एवं नेता प्रतिपक्ष न.पं. कुरूद
शुभेच्छु : ज्योति भानु चन्द्राकर
@Bhanuchandrakar


26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
के पावन अवसर पर समस्त अंचलवासियों को
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
मा. विष्णुदेव साय
सामान्य प्रशासन, खनिज साधन, ऊर्जा, जनसंपर्क,
वाणिज्य कर (आबकारी) परिवहन एवं अन्य विभाग
विनीत - एक शुभचिंतक

# सिवनीकला में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा पर निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री





■ घर-घर जले दीए, पटाखे भी फोड़े गए

ग्राम सिवनीकला में अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण -प्रतिष्ठा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया। सागर गौशाला से भगवान राम, लक्ष्मण सीता और हनुमान की झांकी निकालकर शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात सैकड़ों महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। प्रभु श्रीराम के जयकारों से अंचल गुंजायमान रहा। घर-घर में भगवान राम की पूजा की गई। सुबह से शाम तक प्रभु श्रीराम की शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें महिलाओं, युवतियों सहित बुजुर्गों, बच्चों की भी उपस्थिति रही। पूरे गांव के लोग श्रीराम के रंग में झूम उठे। आतिशबाजी की गई। पटाखे फोड़े गए। शाम को घरों पर दिवाली जैसे दीपोत्सव का आयोजन किया गया। लोगों ने पटाखे फोड़े, फुलझड़ियां जलाई। शाम को तुलसी के संदेश मानस मंडली सिवनीकला एवं लघु प्रज्ञा मानस मंडली संकरी द्वारा प्रभु श्रीराम का भजन प्रस्तुति किया गया।

मौके पर सुशील साहू, टेकराम साहू, विक्रम साहू, टिकेश्वर चंद्राकर, खिलावन चंद्राकर, केवल चंद्राकर, निर्मल पाल, दीपदान, सुरेश तारक, कपिल, दिलीप साहू, गौरव विमल, नवीन पेमन, लक्की, ललित पटेल, मोनिका, लक्ष्मी, मेनका, कुलेश्वरी, रेणुका, राधिका सहित समस्त धर्मप्रेमी उपस्थित थे।

# छेरछेरा पर्व पर महाप्रसादी का वितरण किया



**नगरी।** छत्तीसगढ़ में छेरछेरा पर्व पारंपरिक तरीके से मनाया गया। इस दिन रिवाज के मुताबिक बच्चे, जवान, युवा छेरछेरा मांगने घर-घर गए और लोगों ने खुले हाथों से दान किया। इस अवसर पर नगर के राजाबाड़ा रहवासी देवांगन परिवार एवं अन्य लोगों ने राहगीरों को हलवा महाप्रसादी का वितरण किया गया। मौके पर मनोज साहू, जयसूर्या, यश, सोमनाथ देवांगन, कुलदीप देवांगन, पुखराज, हीरालाल भैरव, फलेन्द्र, आशीष, जयकिशन, पलक, परिधि, नमन, पूर्वी, रमेश, झुम्मन, गौरव, खिलावन उपस्थित थे।




# श्रीराम की प्राणप्रतिष्ठा, मेघा में महोत्सव





हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड

ग्राम मेघा में धूमधाम से श्रीराम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव मनाया गया । प्रातःकाल की आरती के बाद महामृत्युजय मंत्र, सुंदरकाण्ड, हनुमान चालीसा का पाठ हुआ। कलश यात्रा में छोटे छोटे बच्चे व महिलाएं शामिल रही। लाइव प्रसारण के माध्यम से सभी प्राण -प्रतिष्ठा और भगवान श्रीराम की प्रथम आरती से जुड़े। मेघा के 7 कारसेवकों व उनके परिवार का सम्मान किया गया। पश्चात महाप्रसादी का आयोजन किया गया। ग्रामवासियों के लिए महाभंडारा की व्यवस्था की गई। रात्रि में ग्राम सिवनी बारना की रामधुनी हुई। कारसेवक रामचरण पटेल ने बताया कि यह क्षण उनके जीवन का सबसे भावुक समय है। सैकड़ों वर्षों की तपस्या का फल है जो उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम चंद्र की प्राण प्रतिष्ठा देखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। पांच सौ वर्षों का इंतजार खत्म हुआ। हमारे रामलला को आज अपना घर मिला। इस आयोजन में ग्रामीण विकास समिति, हिन्दू युवा वाहिनी के सभी युवा व ग्रामीण मौजूद थे।

## गणतंत्र दिवस समारोह स्थल तक पहुंचने यातायात पुलिस ने बनाया रूट चार्ट

**धमतरी।** गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने वाले अतिथियों व शहर के गणमान्य नागरिकों के सुगम आवागमन के लिये यातायात पुलिस ने कार्यक्रम स्थल एकलव्य खेल मैदान तक पहुंचने के लिये रूटचार्ट बनाया है।

एकलव्य खेल मैदान में गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन किया गया है जिसमें अतिथि, गणमान्य नागरिक, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में लोग सम्मिलित होंगे। मुख्य समारोह में होने वाली भीड़ को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात डीएसपी मणिशंकर चंद्रा द्वारा सुगम आवागमन के लिये रूट चार्ट बनाया गया है। समारोह में शामिल होने वाले नागरिकों के लिये विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे गौशाला मैदान में वाहनों की पार्किंग की व्यवस्था की गई है। घड़ी चौक की ओर से आने वाले अतिथि रामबाग से होकर गौशाला मैदान में पार्किंग कर पैदल समारोह स्थल जायेंगे। दानीटोला की ओर से आने वाले अतिथि सीधे गौशाला मैदान में प्रवेशकर वाहन पार्किंग कर पैदल कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे। इसी तरह अम्बेडकर चौक व रूद्री की तरफ से आने वाले अतिथि लक्ष्मी निवास चौक व ब्रम्हचौक होते हुए रामबाग चौक से गौशाला मैदान पहुंचकर पैदल समारोह स्थल में प्रवेश करेंगे। यातायात पुलिस ने गणतंत्र दिवस समारोह में सम्मिलित होने वाले सभी अतिथियों से यातायात नियमों का पालन की अपील की है।

## प्लेन के क्वार्टर में पानी मिलाने की शिकायत, जांच में पहुंचा आबकारी विभाग




**अंवरी।** भखारा शराब दुकान में प्लेन के क्वार्टर में पानी मिलाने की शिकायत पर आबकारी विभाग की टीम पहुंची। टीम प्लेन क्वार्टर की पांच पेटी शराब जब्त कर जांच के लिए ले गई है। बता दें कि इन दिनों देशी शराब दुकान में मिलने वाली प्लेन शराब के क्वार्टर, अद्धी व बोतल की सील खुली हुई व ढक्कन में लगे स्टिकर उखड़े हुए मिलते हैं। इससे शराब में पानी मिलाने का संदेह है। देशी शराब दुकान भखारा से मिलने वाली शराब को लेकर मदिरा प्रेमियों का कहना है कि कुछ फ्रेश ढक्कन, डेमेज सील वाली शराब की बोतलें एवं शराब की बोतलों की सील निकालकर दूसरी जगह चिपकाने जैसी कई शिकायत मिल रही है। इसकी शिकायत आबकारी विभाग से की गई। टीम जांच के लिए शराब दुकान पहुंची। इस सबंध में जिला आबकारी अधिकारी प्रभाकर शर्मा ने बताया कि अभी इसकी जांच चल रही है। जांच के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## कंडेल में 4 फरवरी को मड़ई

**धमतरी।** ग्राम कंडेल में 4 फरवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में जय छत्तीसगढ़ महतारी नाचा पार्टी ग्राम देवरी का छत्तीसगढ़ी नाचा होगा। यह जानकारी सरपंच श्रीमती पुष्पा मिलन नेताम, उपसरपंच कोमल साहू, पंच दिगम्बर, रामकुमार ने दी है।

## निधन : लीलाराम साहू


**कुरूद।** ग्राम कातलबोड़ निवासी लीलाराम साहू 65 वर्ष का निधन 23 जनवरी मंगलवार को हो गया। वे डिगंबर के बड़े भाई, गीतेंद्र कुमार, अमित कुमार के पिता थे। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीण जनों ने उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।




गुप्त रोगी संपर्क करें
पुरूष गुप्त रोगी नपुंसकता, उत्तेजना कम होना, हस्तमैथुन द्वारा नसों में कमजोरी, समय से पहले स्खलित हो जाना, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, गुप्त अंग का छोटापन व पेशाब के साथ धातु का गिरना एवं जलन होना। चर्म रोग दाद, खाज, बेमची, वातरोग सायटिका, बावासीर, पथरी रोगी
संजीवनी आयुर्वेदिक दवाखाना
अंबेडकर चौक, अंगारमोती मेडिकल स्टार्स के पास, बस्तर रोड, जोधापुर, धमतरी मो. 9174466336







गणतंत्र दिवस की
समस्त जिलेवासियों को हार्दिक बधाई
एवं
शुभकामनाएं
डिलीवरी वाहन में क्षमता से अधिक ओव्हर लोडिंग न चलाएं।
बिना हेलमेट के वाहन न चलाएं।
यातायात नियमों का पालन करें, जागरूक नागरिक बनें।
वाहन चलाते समय संपूर्ण दस्तावेज वाहन के साथ रखें।
विनीत - एक शुभचिंतक धमतरी


मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
मा.श्यामबिहारी जायसवाल
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री
छ.ग. शासन
गणतंत्र दिवस 26 जनवरी
आजादी के पर्व पर समस्त जिलेवासियों को
हार्दिक बधाई
जागरूक नागरिक, सक्रिय जनप्रतिनिधि और
क्रियाशील प्रशासनिक टीम के बलबूते पर विकास के पथ पर
सतत् अग्रसर है धमतरी जिला
NATIONAL HEALTH MISSION
102
108
शुभेच्छु - एक शुभचिंतक धमतरी


चलो फिर से आज वह नजारा याद कर लें,
शहीदों के दिल में थी वो ज्वाला याद कर लें
जिसमें बहकर आजादी पहुंची थी किनारे पे,
देशभक्तों के खून की वो धारा याद कर लें
आजादी के पर्व अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को
भारतीय गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
STOP
यातायात नियमों का
करें सम्मान
आपकी सुरक्षा ही आपके परिवार की सुरक्षा है।
दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग करें।
चारपहिया वाहन में सीटबेल्ट जरूर लगाएं।
सिग्नल हरा होने तक संयम रखे, ओव्हर स्पीड वाहन चलाने से बचें।
विनीत - एक शुभचिंतक धमतरी


समस्त किसान भाईयों एवं क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
वर्मी कम्पोस्ट (केंचुआ खाद)
धरती पर केंचुए दो करोड़ वर्षों से अधिक से विद्यमान है। केंचुए मिट्टी में रहते है तथा सड़ रहे जैविक पदार्थों को खाते हैं। केंचुओं के पाचन तंत्र द्वारा इस जैविक पदार्थ को प्राकृतिक उर्वरक में बदल दिया जाता है। केंचुए के मल को ही वर्मी कम्पोस्ट कहते है। वर्मी कम्पोस्ट में पोषक तत्वों के साथ सूक्ष्म जीवाणु एवं कई तरह के एन्जाइम, विटामिन्स, हार्मोंस भी पाए जाते है, जिससे मिट्टी में सूक्ष्म जीवीय गतिविधियां बढ़ जाती है।
वर्मी कम्पोस्ट के लाभ -
* वर्मी कम्पोस्ट में नाइट्रोजन, फास्फोरस, पोटेशियम, कैल्सियम, मैग्नीशियम आदि पोषक तत्व रहते है तथा इसमें विभिन्न प्रकार के लाभकारी सूक्ष्मजीव पाए जाते है।
* यह मृदा संरचना, मृदा विन्यास, मृदा वातन तथा भूमि की जल धारण क्षमता को बढ़ाता/सुधारता है एवं मृदा क्षरण को रोकता है।
* वर्मी कम्पोस्ट में केंचुओं के कोकुन ( अण्डे ) पाए जाते है जिससे भूमि में केंचुओं की संख्या एवं गतिविधियां बढ़ जाती है।
* यह मृदा के पी.एच. मान को उदासीन बनाता है।
* यह भूमि से पोषक तत्वों की हानि को रोकता है एवं रासायनिक उर्वरकों की उपयोग दक्षता को बढ़ाता है।
वर्मी कम्पोस्ट का पोषक मान -
वर्मी कम्पोस्ट में पोषक तत्वों की मात्रा, कम्पोस्टिंग में उपयोग किए गए जैविक पदार्थों पर निर्भर करती है। यदि उपयोग किए गए जैविक पदार्थ मिश्रित है, तो वर्मी कम्पोस्ट में पाये जाने वाले पोषक तत्वों की मात्रा ज्यादा परिवर्तनीय होगी। यदि वर्मी कम्पोस्टिंग में प्रमुख कम्पोटिंग मटेरियल समान होगी तब उसमें पोषक तत्वों की मात्रा लगभग निश्चित होगी। वर्मी कम्पोस्ट में सामान्य रूप से पाए जाने वाले पोषक तत्वों की मात्रा निम्नानुसार है-

| पोषक तत्व | मात्रा ( प्रतिशत ) |
|---|---|
| जैविक कार्बन | 9.5 - 17.98 |
| नाइट्रोजन | 0.6 - 0.8 |
| फास्फोरस | 0.37 - 0.8 |
| पोटेशियम | 0.15 - 0.58 |
| सोडियम | 0.06 - 0.30 |

| पोषक तत्व | मात्रा ( प्रतिशत ) |
|---|---|
| कैल्शियम तथा मैग्निशियम | 22.67 से 47.60 meq/100g |
| कॉपर | 2 - 9.5 mg/kg |
| आयरन | 2 - 9.3 mg/kg |
| जिंक | 5.7 - 11.5 mg/kg |
| सल्फर | 128 - 548 mg/kg |



समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
देश के वीर जवानों
को नमन
भारत माता की जय
वंदेमातरम्
एक शुभचिंतक धमतरी
कैलाश सोनकर
जिलाध्यक्ष
भारतीय जनता युवा मोर्चा धमतरी


बलिदानों का सपना जब सच हुआ..
देश तभी आजाद हुआ..
आज सलाम करें उन वीरों को
जिनकी शहादत से भारत गणतंत्र हुआ
समस्त क्षेत्रवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई-शुभेच्छाएं
सौजन्य - एक अधिकारी, जिला पुलिस बल


मा. अरूण साव
उपमुख्यमंत्री छग शासन
मा. विष्णु देव साय जी
मुख्यमंत्री छग शासन
मा. विजय शर्मा
उपमुख्यमंत्री छग शासन
समस्त जिलावासियों एवं प्रदेशवासियों को
26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की हार्दिक मंगलकामनाएं
- विनीत -
एक शुभचिंतक
जिला धमतरी


समस्त धमतरी जिलेवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं
कोटिशः शुभकामनाएं
शुभेच्छु- एक अधिकारी वन विभाग धमतरी


।। गणतंत्र दिवस अमर रहे ।।
हर एक दिल में हिन्दुस्तान है
राष्ट्र के लिए मान सम्मान है
भारत माँ के बेटे हैं हम
इस मिट्टी पर हम सबको अभिमान है
मा.विष्णुदेव साय
मुख्यमंत्री छ.ग. शासन
भारत देश के संविधान स्थापना दिवस
गणतंत्र पर्व की
74वीं वर्षगांठ
की हार्दिक शुभकामनाएं
आकाश पाण्डेय
धमतरी
शुभेच्छु - एक शुभचिंतक धमतरी


ग्राम पंचायत बोड़रा की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
श्रीमती रूपा वर्मा
सरपंच बोड़रा
श्री केवलराम वर्मा
सरपंच प्रतिनिधि
श्री कृपाराम साहू
उपसरपंच बोड़रा
पंचगण : भारतराम साहू, ब्रम्हदेव साहू, बोहरण साहू, पंचराम दीवान, परसराम वर्मा, हिन्छाराम सेन, महेन्द्र कुमार, अंजनी साहू, पुन्नीबाई साहू, राधिका साहू, नीराबाई साहू, मोतिम कंवर, मीना साहू, गीता कंवर, गंगा साहू, रोजगार सहायक नेमबाई, भृत्य चेतन कंवर, सचिव चम्पेश्वर यादव
विनीत - सरपंच ग्राम पंचायत बोड़रा, विकासखंड मगरलोड


ग्राम पंचायत छिपली की ओर से 26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की असंख्य शुभकामनाएं एवं बधाई
श्रीमती अंजनी निषाद
सरपंच ग्रा.पं. छिपली
श्री गौरी सिन्हा
सचिव ग्रा.पं. छिपली
श्री लीलाराम साहू
उपसरपंच ग्रा.पं. छिपली
श्री श्यामलाल निषाद
सरपंच प्रतिनिधि छिपली
सम्मानिय पंचगण : श्रीमती डिगेश्वरी साहू, कुमार साहू, रतना पटेल, देवीबाई साहू, यादराम साहू, राजेंद्र कुमार साहू, मिथलेश साहू, विमला साहू, कन्हैया लाल साहू, टिकेश्वरी ध्रुव, ईश्वरी साहू, भामाबाई साहू, रेखा विश्वकर्मा, डहरूराम साहू, भीमसेन निर्मलकर, रोजगार सहा. मोतीलाल साहू, भृत्य हेमलाल निषाद
विनीत - सरपंच ग्राम पंचायत छिपली विकासखंड मगरलोड


ग्राम पंचायत सोनपैरी की ओर से गणतंत्र दिवस 26 जनवरी
की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई
श्रीमती वीणा साहू
सरपंच ग्रा.पं. सोनपैरी
श्री समारूराम ध्रुव
उपसरपंच ग्रा.पं. सोनपैरी
सुश्री तुलेश्वरी साहू
सचिव ग्रा.पं. सोनपैरी
सम्मानिय पंचगण :
डिगेश कंवर, किशन ध्रुव, मनीराम कंवरी, तेजनाथ ध्रुव, श्रीमती जानकी साहू, लैनीबाई टंडन, मोहनीबाई कंवर, कांति साहू, दुर्गाबाई ध्रुव, तमेश्वरी ध्रुव, रोजगार सहा. लक्ष्मण सिंह दीवान, भृत्य पुनेश्वर कंवर
- विनीत -
सरपंच ग्राम पंचायत सोनपैरी
विकासखंड मगरलोड


जय हिन्द, वन्दे मातरम्, वीर शहीदों को नमन
आजादी के संघर्षों का इतिहास पढ़ाया जाए। सिलसिला कुर्बानियों का आगे बढ़ाया जाए।
आजाद धरा गणतंत्र गगन मिली जिनकी नेमत से, उन देवों के चरणों में चलो फूल चढ़ाया जाए।
राष्ट्रीय पर्व गणतंत्र दिवस की 75वीं वर्षगांठ की
क्षेत्रवासियों को बहुत बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं
श्री बसंत साहू
अध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल मगरलोड
श्री मुरली सिन्हा
उपाध्यक्ष भाजपा युवा मोर्चा मंडल मगरलोड
श्री टिकेश्वर साहू
महामंत्री भाजयुमो
श्री देवा कंवर
भाजयुमो कोषाध्यक्ष
श्री राजेंद्र पटेल
मंत्री भाजयुमो
श्री नारायण साहू
मंत्री भाजयुमो
श्री महेश सिन्हा
मंत्री भाजयुमो
श्री गुलशन साहू
कार्यालय प्रभारी भाजयुमो
श्री घनश्याम साहू
महामंत्री भाजयुमो
श्री गुलशन साहू
सोशल मीडिया प्रभारी भाजयुमो
विनीत - भाजपा युवा मंडल मगरलोड


जनपद पंचायत मगरलोड
की ओर से क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
जित्याबाई ठाकुर
अध्यक्ष ज.पं. मगरलोड
डॉ.गिरीश साहू
सभापति संचार एवं संकर्म
राजेश साहू
उपाध्यक्ष ज.पं. मगरलोड
सर्वेशकुमार जैन
सभापति
हरिविनायक सिन्हा
सभापति
कृष्णाबाई गंगासागर
सभापति
भुलेश्वर साहू
सभापति
अश्वनी दानीपाल
सदस्य
डागेश्वर सोनकर
सदस्य
दीपा साहू
सदस्य
दुर्गेश नंदनी साहू
सदस्य
हिरामण ध्रुव
सदस्य
जमुना ध्रुव
सदस्य
लीलेश्वरी पाल
सदस्य
नंदनी साहू
सदस्य
नारायणसिंह ध्रुव
सदस्य
रंभा ध्रुव
सदस्य
संतोषकुमार साहू
सदस्य
सोहद्राबाई सतनामी
सदस्य
सुनीति पटेल
सदस्य
थनेश्वर तारक
सदस्य
विद्या पटेल
सदस्य
अनुसुईया मरकाम
सदस्य
विनीत - एक शुभचिंतक


26th HAPPY REPUBLIC DAY January
सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, भखारा
विनीत :- एक शुभचिंतक


गणतंत्र दिवस
26 JANUARY
की हार्दिक शुभकामनायें
विनीत :– एक शुभचिंतक


गणतंत्र दिवस
26 JANUARY
समस्त क्षेत्रवासियों को
गणत्रंत्र दिवस
की
हार्दिक बधाई
पुष्पलता देवांगन
अध्यक्ष - नगर पंचायत, भखारा, भठेली
दुलेश्वर साहू
उपाध्यक्ष-न.पं. भखारा
रामगोपाल देवांगन
सांसद प्रतिनिधि
पार्षद गण:-
विष्णु साहू
विधायक प्रतिनिधि
रोशन केला
पार्षद भखारा
विनीत – नगर पंचायत, भखारा–भठेली


गणतंत्र दिवस की शुभकामनायें
C-PDCL
कार्यालय
सहायक अभियंता(उपसंभाग)
छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड
भखारा
विनीत:- एक शुभचिंतक


सभी देशवासियों को
JANUARY
26
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं
विनीत:- कान्हा डेलीनिड्स एवं लालजी हॉटल,भखारा


26th HAPPY REPUBLIC DAY January
गणत्रंत दिवस
की
हार्दिक बधाई
विनीत :- एक शुभचिंतक


समस्त देशवासियों को
गणतंत्र दिवस
26 जनवरी
की हार्दिक शुभकामनाएं।
मान .अजय चंद्राकर जी
पूर्व केबिनेट मंत्री,छ.ग.शासन
विधायक - कुरूद
जय हिन्द
नरोत्तम साहू
पूर्व सरपंच
ग्राम पंचायत थूहा





























सुरेश साहू
हरिभूमि प्रतिनिधि

संकलनकर्ता : सुरेश न्यूज एजेंसी मगरलोड।
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें मो नं. 9340622144, 9752617538


हमारा संकल्प, विकसित भारत
गणतंत्र दिवस
समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं
एक शुभचिंतक


26 जनवरी गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
ज्योत नारायण अस्पताल
मो. 94255 04634, रावनभाठा (नगरी)
ज्योत नारायण क्लीनिक
अस्पताल का समय प्रातः 9:30 से 4:30 बजे तक
प्रत्येक मंगलवार अस्पताल का समय 9:30 से 1 बजे तक
यहां पर सभी प्रकार के मरीजों का उपचार किया जाता है
संचालक : डॉ. केएस शांडिल्य पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी


26 जनवरी
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
एम.जी.एच.पी. गैस एजेंसी
जनपद पंचायत के सामने मेन रोड
नगरी, जिला-धमतरी (छ.ग.)
संपर्क : 94241-93363, 07700-251777
HP GAS


हमारा संकल्प विकसित भारत
जनपद पंचायत नगरी
की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की समस्त क्षेत्रवासियों को
शुभकामनाएं अशेष बधाई
दिनेश्वरी नेताम
अध्यक्ष
जनपद पंचायत नगरी
हुमीत लिमजा
उपाध्यक्ष
जनपद पंचायत नगरी
सभापति गण
मन्नू लाल यादव
संचार एवं संकर्म
बंशी सोरी
कृषि समिति
श्यामंत बिसेन
सहकारिता
रेणुका ध्रुव
स्वच्छता व पर्यटन समिति
सुलोचना साहू
महिला बाल विकास
भुनेश्वरी घृतलहरे
बीरबल पदमाकर
बिसरीबाई कुंजाम
ईश्वर पटेल
कविता पवार
कीर्ति मरकाम
कुशल नेताम
लक्ष्मी ध्रुव
नकुल ध्रुव
पुष्पा ध्रुव
राजिम साहू
संतोषी साहू
शैलेंद्र साहू
सुखचंद मरकाम
तारिका नेताम
उमेश देव
उत्तम नेताम
यामिनी ध्रुव


हमारा संकल्प विकसित भारत
समस्त प्रदेशवासियों एवं क्षेत्रवासियों को
गणतंत्र दिवस
की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते
एकीकृत परियोजना
विनीत : एक शुभचिंतक


समस्त क्षेत्रवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं एवं कोटिशः बधाई
संकलनकर्ता
आरती च्वाइस सेंटर एवं आरती न्यूज एजेंसी, बजरंग चौक नगरी।
समाचार एवं विज्ञापन के लिए संपर्क करें 77488-10431, 7415010432
विनोद गुप्ता
आरती गुप्ता

दान मांगने बच्चों की टोली घर-घर पहुंची, लोगों ने दिल खोलकर किया दान

# अंचल में मना अन्नदान का महापर्व छेरछेरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

प्रसिद्ध लोकपर्व छेरछेरा का त्योहार गुरूवार को अंचल में धूमधाम से मनाया गया। बच्चों एवं युवाओं में पर्व को लेकर भारी उत्साह देखा गया। बच्चों की टोली ने घर-घर जाकर छेरछेरा मांगा। लोगों ने भी दिल खोलकर अन्न व नगद राशि भेंट की।

पं. राजकुमार तिवारी ने बताया कि फसल कटाई के बाद उत्सव के रूप में मनाया जाने वाला छेरछेरा पर्व सामाजिक समरसता और दानशीलता का प्रतीक है। नई फसल के घर आने की खुशी में पौष माह की पूर्णिमा को छेरछेरा का त्योहार मनाया जाता है। उन्होंने बताया कि पौराणिक मान्यता के अनुसार इस दिन भगवान शंकर ने माता अन्नपूर्णा से भिक्षा मांगी थी। इसलिए इस दिन लोग धान, चावल, फल, सब्जी, नकद रूपए का दान करते हैं।



### कब हुई शुरूआत

जानकारी के मुताबिक कलचुरी राजवंशी के नरेश कल्याण साय व मंडल के राजा के बीच विवाद हुआ। इसके बाद दिल्ली के शासक ने उन्हें अपने पास बुलाया। कल्याण साय दिल्ली में 8 वर्ष तक रहे। इसके बाद कल्याण साय राजधानी रतनपुर वापस पहुंचे। प्रजा को राजा के लौटने की खबर मिली तब स्वागत में जश्न हुआ। रानियों ने रत्न, आभूषण, सोना की बारिश करवाई तभी से राजा के आगमन को यादगार बनाने छेरछेरा पर्व की शुरूआत हुई।

### शाकंभरी देवी से जुड़ा रोचक तथ्य

पौराणिक कथा के अनुसार पृथ्वी पर अकाल पड़ने के बाद मनुष्य, पशु, पक्षी तड़पने लगा। चारों ओर दहशत फैल गई तभी आदिदेवी शक्ति शाकंभरी प्रकट हुई। देवी अपने भक्तों के लिए अन्न, भोजन, फल का भंडार ले आई जिससे सभी तृप्त हुए। शाकंभरी माता को अन्न, फल, सब्जी भेंटकर पूजा करते हैं।

### नेहरू युवा केन्द्र ने मनाया पर्व



छेरछेरा पर्व पर गुरूवार को नेहरू युवा केन्द्र के साथियों ने शहर में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ नाचते-गाते छेरछेरा मांगा। घर-घर जाकर अन्नदान लिया। इस दौरान सभी ने डंडा नृत्य किया। इस अवसर पर यशवंत सिन्हा, भूपेन्द्र दास मानिकपुरी, रामसिंह मंडावी, आकाशगिरी गोस्वामी, शेषनारायण गजेन्द्र, रामकुमार विश्वकर्मा, लोकेश साहू, सुरेश कुमार साहू, राहुल मंडावी, शीतलेश साहू, वेदप्रकाश सिन्हा, संकेत साहू, रामकुमार, वासुदेव साहू, योगेश साहू उपस्थित थे।

पं. सूरज तिवारी ने बताया कि इस पर्व में किसानों में उदारता के कई आयाम दिखाई देते हैं। उत्पादित फसल को समाज की जरूरतमंद लोगों, कामगारों, पशु-पक्षियों के लिए दान देने की परंपरा रही। छेरछेरा का दूसरा पहलू आध्यात्मिक भी है। यह बड़े-छोटे के भेदभाव और अहंकार की भावना को समाप्त करता है। यह त्योहार अमूल्य धरोहरों और पौराणिक परंपराओं का संवर्धन और संवहन होता है।

# वाद्ययंत्र की धुन पर झूमे देव विग्रह





- छेरछेरा पर कोलियारी के नरसिंह नाथ मंदिर में हुआ धार्मिक कार्यक्रम
- मन्नत मांगने दूरदराज से पहुंचे हजारों भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

छेरछेरा पूर्णिमा पर कोलियारी स्थित भगवान नरसिंह नाथ मंदिर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में दूरदराज से देव विग्रहों को आमंत्रित किया गया था। मंदिर संचालक एवं मुख्य पुजारी श्रीराम ध्रुव ने बताया कि मां अंगारमोती, भंगेराव, मतवार डोकरा, गुमियार देव, गंगाधर देव, लिंगो देव, मार्या देव, कानाहुर्रा देव सहित दर्जनों देवी-देवताओं को उत्सव में आमंत्रित किया गया था। ये देव विग्रह बस्तर, गंगरेल, नवागांव, वनक्षेत्र से आमंत्रित थे। देवी-देवताओं का मंदिर में प्रवेश के पूर्व वाद्ययंत्र से भव्य स्वागत किया गया। विधि-विधान से पूजन कर आसन दिया गया। हवन, धूप के बाद सभी देव विग्रह ने पारंपरिक वाद्ययंत्र की धुन पर नृत्य किया तथा भक्तों के कष्ट को दूर किया। बारी-बारी से सभी भक्तों को सुनकर उनका समाधान किया। भक्तों ने बताया कि देव विग्रह के आने की खुशी में वे मंदिर आए हैं। अपनी खुशी के लिए देवी-देवताओं से मन्नत मांगी। कुछ भक्तों ने बताया कि देवताओं के आशीर्वाद से उनकी मनोकामना पूर्ण हुई है। इस अवसर पर नगरी सिहावा, चारामा, कांकेर, रायपुर, महासमुंद, भिलाई, दुर्ग से बड़ी संख्या में हजारों भक्त पहुंचे थे। कार्यक्रम पश्चात मंदिर परिसर में भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सभी भक्तों ने प्रसादी ग्रहण किया।

इस अवसर पर सतीश सोनकर, दूजराम साहू, सतीश साहू, तिहारू साहू, ईश्वर निषाद, पल्टू निषाद, विजय मंडावी, जितेन्द्र मंडावी, राजेन्द्र मंडावी, धनंजय ध्रुव, वेदू नेताम, मुकेश नेताम, रूपेश ध्रुव, ज्योति मरकाम, महेश्वरी मंडावी, भगवती नेताम, सुरेखा मंडावी, मधु ध्रुव सहित हजारों भक्त उपस्थित थे।

# लगातार छुट्टियों से सरकारी कामकाज प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धमतरी

- लोग हो रहे परेशान, कई काम अधर में

छुट्टियों के कारण सरकारी कामकाज पर बुरा असर पड़ा है। पिछले 9 दिनों में सिर्फ 2 दिन ही सरकारी दफ्तर खुले हैं। दफ्तरों के बंद रहने से लोगों को भी परेशानी उठानी पड़ रही है। उनके कई काम नहीं हो पा रहे हैं।



जनवरी माह में त्योहारों के चलते छुट्टियों की भरमार है। 19 जनवरी से लेकर अब तक मात्र 2 दिन ही सरकारी दफ्तर खुले हैं। अभी छुट्टियां बाकी हैं। शुक्रवार को गणतंत्र दिवस की छुट्टी है। इसके बाद शनिवार और रविवार की छुट्टी पड़ रही है। अब 29 जनवरी को ही सरकारी दफ्तर खुलेंगे। उल्लेखनीय है कि छुट्टियों का सिलसिला 20 जनवरी से शुरू हो गया था। 20 जनवरी को शनिवार की छुट्टी थी। फिर 21 को रविवार की छुट्टी पड़ी। 22 जनवरी को अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर पूरे देश में छुट्टी थी। 23 और 24 जनवरी को ही दफ्तर खुले। इसके बाद 25 जनवरी को छेरछेरा पुन्नी की छुट्टी रही। इसके बाद 26 जनवरी गणतंत्र दिवस और 27 को शनिवार और 28 को रविवार पड़ने के कारण छुट्टी रही।

### जमीन संबंधित कार्य रूके

छुट्टियों के चलते सरकारी कामकाज बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। वहीं लोग भी काफी परेशान हो रहे हैं। कई किसानों के घर मुखिया की मौत हो गई है। वे समर्थन मूल्य पर बेचे हुए धान के पेमेंट के लिए भटक रहे हैं। तहसील कार्यालय, पटवारी कार्यालय, सहकारी समिति के बंद होने से वे पेमेंट के लिए फार्मेलिटी पूरी नहीं कर पा रहे हैं। इसके अतिरिक्त जमीन संबंधित कार्य भी अटके हुए हैं।

### शनिवार की छुट्टी बंद करने की मांग

शहर के लोकेश मिश्रा, यादवेंद्र साहू, अंगद साहू का कहना है कि पहले का सिस्टम ठीक था। महीने में दो शनिवार को छुट्टी दी जाती थी। अब हर शनिवार को छुट्टी दी जा रही है। इससे लोगों की परेशानी बढ़ गई है। लगातार छुट्टियों से लोगों का काम नहीं हो पा रहा है। उन्होंने मांग की है कि छुट्टियों का सिस्टम पहले जैसा ही किया जाए। इससे कर्मचारियों को भी राहत मिलेगी। वर्तमान में छुट्टियों के कारण उन पर ऑफिस वर्क का लोड बढ़ा हुआ है। छुट्टियां कम होने पर यह लोड कम हो जाएगा।

### हसदा में रामायण प्रतियोगिता आज से

**कोर्रा(भखारा)।** मानस आयोजक समिति एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम हसदा (अरकार) में तीन दिवसीय रामायण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शुभारंभ समारोह के मुख्य अतिथि ओमेश्वर भेंसल होंगे। अध्यक्षता नरेन्द्र सेनपाल करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि मोहन मंडावी होंगे। अध्यक्षता कौशल साहू करेंगे। 29 जनवरी को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिये ज्ञान के पूजा मुरमाड़ी गोंदिया का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है।













